नवरात्रि के शुभारंभ पर 11 को निकलेगी कलश यात्रा

निवाई। शारदीय नवरात्रि के प्रथम दिवस पर श्री शक्ति पीठ सेवा संस्थान के तत्वावधान में 11 अक्टूबर को सुबह 8 बजे कृषि मण्डी स्थित श्री लक्ष्मीनारायण जी मन्दिर से कंकाली माता मन्दिर तक विशाल कलश यात्रा का निकाली जाएगी। संस्थान के अध्यक्ष शंकरलाल सोनी ने बताया कि प्रथम नवरात्रि पर यह विशाल कलश यात्रा कृषि मण्डी प्रांगण से पूरे विधि-विधान व मंत्रोच्चार के साथ रवाना होगी। शोभायात्रा में करीब 2100 महिलाएं अपने सिर पर मंगल कलश धारण कर माता रानी के जयकारे लगाते हुए शहर के मुख्य मार्गो से होते हुए कंकाली माता मन्दिर पहुंचेगी। मन्दिर सदस्य राजेश भट्ट ने बताया कि इस ऐतिहासिक कलश यात्रा को भव्य और स्मरणीय स्वरूप प्रदान करने के लिए विशेष तैयारियां जोर-शोर पर की जा रही हैं। उन्होंने बताया कि यात्रा के दौरान 11 सजे-धजे हाथी, घोड़े, डीजे, बैंड बाजे व मनमोहक झांकियां मुख्य आकर्षण का केंद्र रहेंगी।

हर कार्यकर्ता निभाए अपनी जिम्मेदारी, तभी साकार होगा विकसित भारत का सपना : डॉ. शैलेश सिंह

डीग भरतपुर (निसं)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 25 वर्षों के राजनीतिक एवं राष्ट्रसेवा के सफर को समर्पित श्विकसित भारत संकल्प सभाकृसेवा ज्योति यात्रा मंगलवार को डीग मेला ठाउंड स्थित नेहरू पार्क में धूमधाम से आयोजित हुई। जिलेभर से पहुंचे हजारों भाजपा कार्यकर्ताओं के कारण पूरा सभा स्थल भगवा रंग में रंगा नजर आया। भारत माता की जय और वंदे मातरम् के जयघोषों से वातावरण राष्ट्रभक्ति के रंग में डूब गया। कार्यकर्ताओं के पहुंचने का सिलसिला सुबह से ही शुरू हो गया था। डीग-कुम्हेर विधायक डॉ शैलेश सिंह और कामां विधायक नौक्षम चौधरी के नेतृत्व में हुए इस कार्यक्रम में भाजपा युवा मोर्चा राजस्थान के प्रदेशाध्यक्ष शंकर गौरा मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। सभा को संबोधित करते हुए विधायक डॉ शैलेश सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी का 25 वर्षों का सफर विकास, सुशासन और जनसेवा के प्रति समर्पण की मिसाल है। उन्होंने कहा कि विकसित भारत का लक्ष्य केवल सरकार के भरोसे पूरा नहीं होगा, बल्कि इसके लिए हर नागरिक और हर कार्यकर्ता को अपनी सामूहिक जिम्मेदारी निभानी होगी। उन्होंने



गृह राज्य मंत्री जवाहर सिंह बेढ़म व विधायक डॉ. शैलेश सिंह की अध्यक्षता में कार्यकर्ता सम्मेलन आयोजित हुआ।

- डीग में उमड़ा भाजपा कार्यकर्ताओं का जनसैलाब, विकसित भारत के संकल्प के साथ निकली सेवा ज्योति यात्रा
- कार्यकर्ताओं से संगठन को मजबूत बनाने का आव्हान

कार्यकर्ताओं से संगठन को मजबूत बनाने, राष्ट्रिहत के कार्यों में सक्रिय भागीदारी करने और विकसित भारत का संदेश घर-घर पहुंचाने का आव्हान किया। विधायक नौक्षम चौधरी ने कहा कि प्रधान मंत्री मोदी के नेतृत्व में देश विकास और आत्मनिर्भरता की राह पर तेज गति से बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि सेवा ज्योति यात्रा ने कार्यकर्ताओं में राष्ट्रसेवा और संगठन के प्रति नई ऊर्जा का संचार किया है। मुख्य अतिथि शंकर गौरा ने कहा कि विकसित भारत के निर्माण में युवा शक्ति की भूमिका निर्णायक है। उन्होंने युवाओं से संगठन की विचारधारा और राष्ट्रसेवा का संदेश समाज के हर वर्ग तक पहुंचाने का आ ान किया। भाजपा जिलाध्यक्ष सतीश बंसल ने कहा कि हजारों कार्यकर्ताओं की भागीदारी संगठन की मजबूती और विकसित भारत के संकल्प के प्रति प्रतिबद्धता का प्रमाण है। उन्होंने कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए मंडल अध्यक्षों, पदाधिकारियों, जनप्रतिनिधियों और कार्यकर्ताओं का आभार जताया। इस अवसर पर नगर परिषद के सभापति अर्पित गुप्ता, जिला अभाव अभियोग सतर्कता समिति के सदस्य लखपत गुर्जर ,मंडल अध्यक्ष, जिला पदाधिकारी और बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।

अग्रसर जयंती पर प्रभात फेरी, शोभायात्रा 11 को

पावटा। अग्रवाल महासभा रजि. पावटा की एक महत्वपूर्ण बैठक संरक्षक वीरेंद्र बंसल एवं अध्यक्ष बलदेव गोयल की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में समाज के आगामी कार्यक्रमों को लेकर विस्तृत विचार-विमर्श किया गया। बैठक में आगामी 11 अक्टूबर को अठासेन महाराज का जन्मोत्सव बड़े ही धूमधाम, भव्यता एवं शाही लवाजमे के साथ आयोजित करने का निर्णय लिया गया।

- आगामी कार्यक्रमों को लेकर अग्रवाल महासभा पावटा की बैठक आयोजित

बैठक में तय कार्यक्रम के अनुसार जन्मोत्सव के अवसर पर प्रात: 5 बजे प्रभात फेरी निकाली जाएगी। इसके पश्चात दोपहर 2 बजे भव्य शोभायात्रा का आयोजन किया जाएगा, जो मोदी मंदिर से प्रारंभ होकर आदर्श विद्या मंदिर तक पहुंचेगी। वहीं शाम 6 बजे प्रतिभा सम्मान समारोह एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम में जयपुर के प्रसिद्ध कलाकार कृष्णा तिलकधारी द्वारा विशेष सांस्कृतिक प्रस्तुति दी जाएगी। इस अवसर पर विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय उपलब्धियां हासिल करने वाली समाज की प्रतिभाओं का सम्मान किया जाएगा। साथ ही कार्यक्रम में पधारने वाले अतिथियों का भी अभिनंदन किया जाएगा।

101 आवासीय पट्टों का वितरण

निवाई। नगर पालिका में पालिका अध्यक्ष नरेंद्र जयसिंहपुरा व अधिशाषी अधिकारी नवरतन शर्मा ने पात्र व्यक्तियों को लाभांवित करके सेवा सेतु अभियान का शुभारंभ किया। इस दौरान नगर पालिका अध्यक्ष नरेंद्र जयसिंहपुरा, पूर्व पार्षद गिर्राज जाट, अधिशाषी अधिकारी नवरतन शर्मा ने नगर पालिका में आयोजित शिविर में 101 आवासीय पट्टे, 23 लाभार्थियों को प्रधानमंत्री आवास योजना की प्रथम किश्त, 40 लाभार्थियों को प्रधानमंत्री आवास योजना की दूसरी किश्त, 50 लाभार्थियों को प्रधानमंत्री आवास योजना तीसरी किश्त व 3 लाभार्थियों को प्रधानमंत्री सम्मान निधि का वितरण किया। अधिशाषी अधिकारी नवरत्न शर्मा ने बताया कि अभियान के अन्तर्गत नगर पालिका में 7 से 16 अक्टूबर तक शिविर आयोजित किया जाएगा।

वार्ड 3 ललाना में सफाई व्यवस्था बदहाल, जलभराव से परेशान ग्रामीण

पावटा। नगरपालिका पावटा-प्रागपुरा के वार्ड नंबर 3 ललाना में सफाई व्यवस्था एवं विभिन्न मूलभूत समस्याओं को लेकर वार्डवासियों ने वार्ड पार्षद विनोद यादव के नेतृत्व में नगरपालिका प्रशासन को ज्ञापन सौंपकर शीघ्र समाधान की मांग की है। ज्ञापन में बताया गया कि ललाना गांव की मुख्य सड़क पर पिछले तीन-चार वर्षों से पानी का भराव बना हुआ है। जलभराव के कारण आमजन को आवागमन में परेशानी के साथ ही बीमारी फैलने और फिसलकर गिरने का खतरा बना रहता है। वार्डवासियों ने नरेगा कर्मचारियों के माध्यम से सफाई कार्य करवाने तथा लंबित समस्याओं के समाधान की मांग की। ज्ञापन में प्रमुख रूप से ब्राह्मणों के

- नाली निर्माण, रोड लाइट, स्कूल मैदान व अस्पताल की सफाई सहित विभिन्न समस्याओं के समाधान की मांग

मोहल्ले स्थित होली चौक के मुख्य रास्ते पर जलभराव की समस्या दूर करने, अस्पताल एवं स्कूल मैदान की सफाई करवाने, ललाना गांव के मुख्य मार्ग पर नाली का निर्माण एवं सफाई, नौकड़िया चौराहे से मांजूकोट चौराहे तक मुख्य सड़क की सफाई तथा सड़क किनारे पेड़ों की छंटाई करवाने की मांग की गई।

इसके अलावा नौकड़िया की ढाणी में सफाई, नौकड़िया चौराहे से बालाजी मेगा मार्ट मकान तक मुख्य मार्ग की सफाई, रामजी लाल स्वामी के मकान से मुख्य एमडीआर रोड तक रास्ते की सफाई, प्रकाश सैनी के मकान से राजू सैनी के मकान तक सफाई तथा दिनेश सिंह शेखावत के मकान से लेकर श्रीराम स्वामी के मकान तक सफाई करवाने की मांग भी की गई।

वार्ड पार्षद विनोद यादव सहित वार्डवासियों ने नगरपालिका प्रशासन से उक्त समस्याओं का मौका निरीक्षण करवाकर सफाई, जल निकासी एवं अन्य आवश्यक कार्य शीघ्र करवाने की मांग की है, ताकि आमजन को राहत मिल सके।

4 माह से फरार टॉप-10 इनामी आरोपी पकड़े

टोंक। जिला पुलिस अधीक्षक रोशन मीना के निर्देशन में चलाये जा रहे वांछित अपराधियों की धरपकड विशेष अभियान के तहत पीपलू वृत्ताधिकारी विनोद कुमार के सुपरविजन एवं झिराना थानाधिकारी कालूराम के नेतृत्व में गठित थाना टीम ने थाने में पूर्व में दर्ज पोक्सो एक्ट व अपहरण जैसे संगीन अपराध में 4 माह से फरार चल रहे 10 हजार रुपये ईनामी व टॉप 10 आरोपी जोगी पुत्र पप्पू जोगी कालबेलिया उम्र 19 साल निवासी तन ग्राम खण्डवा थाना बरोनी को की गिरफ्तारी के लिए टीम ने कई प्रयास व संसाधनो के माध्यम से कई अन्य जिले व राज्यो में तलाश की गई। टीम द्वारा घटना स्थल और संभावित रास्तों के दर्जनों सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाले गए, संदिग्ध मोबाइल नंबरों की कॉल डिटेल और लोकेशन को लगातार ट्रैक किया गया, जिससे उसके छिपने के नए ठिकानों का सुराग मिला।

किसानों के साथ अन्याय बर्दाश्त नहीं होगा : नरेश मीणा

निवाई। किसान आमरण अनशन यात्रा के तहत नरेश मीणा की यात्रा मंगलवार रात करीब 8:30 बजे निवाई पहुंची। जिसका शहर में पूर्व छात्रसंघ अध्यक्ष बाबूलाल मीणा एवं युवा नेता सीताराम मीणा के नेतृत्व में सैंकड़ों युवा कार्यकर्ता एवं ग्रामीणों ने जगह-जगह पर करीब 21 जेसीबी मशीनों से पुष्प वर्षा करके स्वागत किया। यात्रा में ग्रामीण क्षेत्रों से बड़ी संख्या में युवा कार्यकर्ता वाहनों के लवाजमे के साथ निवाई पहुंचे। यात्रा का काफिला पहाड़ी चुंगी नाका, बस स्टैंड, अहिंसा सर्किल, झिलाय रोड एवं श्याम मंदिर होते हुए 80 फीट रोड स्थित श्यामा प्रसाद सामुदायिक भवन पहुंचा, जहां यात्रा का रात्रि विश्राम हुआ। इस दौरान कोटा, बूंदी, सवाई माधोपुर, गंगापुर, करौली, हिंडौन, दौसा एवं बांदीकुई सहित विभिन्न क्षेत्रों से आए कलाकारों द्वारा दंगल कार्यक्रम में प्रस्तुतियां दी।



निवाई में किसान नेता नरेश मीणा ने आमरण अनशन यात्रा निकाली।

जिन पर युवाओं ने जमकर नृत्य किया। सामुदायिक भवन पर आयोजित सभा में संबोधित करते हुए नरेश मीणा ने कहा कि किसान आमरण अनशन का छठा दिन है। उन्होंने केंद्र एवं राज्य सरकार पर किसानों के शोषण का आरोप लगाते हुए कहा कि किसानों को समय पर खाद व बीज उपलब्ध नहीं हो पा रहा है। आज प्रदेश में जगह-जगह खाद-बीज के लिए किसानों की लंबी कतारें लग रही हैं। खाद-बीज की कमी के चलते व्यापारी खुलेआम कालाबाजारी कर रहे हैं, जिससे किसान परेशान हैं। उन्होंने कहा कि किसान देश का अन्नदाता है और भारत की अर्थव्यवस्था में किसानों की महत्वपूर्ण भूमिका है। उन्होंने कहा कि किसान अपने हक व अधिकार के लिए संघर्ष कर रहा है और किसानों के साथ अन्याय बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। इस अवसर पर एनएसयूआई के जिलाध्यक्ष श्रीराम मीणा, जिला प्रभारी महेश बैरवा पराना, कैलाश मीणा सीदडा, मुकेश मीणा सुनारा, मुरारीलाल मीणा, गणेश मीणा, सुरेश गुर्जर, प्रहलाद खटाना, सुदाम मीणा, सूरज चौधरी, सीताराम मीना, अजय मधुकर, इंद्रजीत बैरवा, दुष्यंत वर्मा, सुरेश गुर्जर, शंकर सिंघानिया, जगदीश गुर्जर व रिशु मीणा सहित सैंकड़ों कार्यकर्ता मौजूद थे।

अपात्र की जांच के लिए मकान को नापने की कवायद

टोंक। राजस्थान सरकार के खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति विभाग के दिशा-निर्देशानुसार माह अक्टूबर से दिसंबर 2026 तक शहरी क्षेत्रों में राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा योजना के प्रभावी क्रियान्वयन एवं पारदर्शिता के लिए डोर-टू-डोर सर्वे अभियान चलाया जा रहा है। इसी के तहत जिला रसद अधिकारी इन्द्रपाल मीणा के नेतृत्व में पीपलू नगरपालिका क्षेत्र में विशेष सघन डोर-टू-डोर सर्वे अभियान का आयोजन किया गया। इस अभियान के दौरान रसद विभाग की टीम में प्रवर्तन अधिकारी धर्मचंद अग्रवाल, प्रवर्तन निरीक्षक त्रिलोक प्रताप सिंह, अमित शर्मा तथा विनोद मीणा उपस्थित रहे, जिन्होंने नगरपालिका पीपलू क्षेत्र के स्थानीय उचित मूल्य दुकानदारों को साथ लेकर घर-घर जाकर सर्वे एवं भौतिक सत्यापन किया गया। सर्वे अभियान का मुख्य उद्देश्य खाद्य सुरक्षा योजना के अंतर्गत आने वाले अपात्र श्रेणी के परिवारों का चि ीकरण कर उन्हें सूची से पृथक करना।

दिव्यांगों ने मनमोहक सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी

निवाई। योगेश विशेष विद्यालय में सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग व योगेश शैक्षिक पुनर्वास एवं शोध संस्थान के संयुक्त तत्वावधान में दिव्यांगजन कल्याण दिवस एवं समाज कल्याण सप्ताह का आयोजन किया गया।

- कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि ज्ञानचन्द, अध्यक्षता कर रहे वरिष्ठ सहायक चाँदमल सैनी व तुलसीराम प्रजापत ने किया

कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि पूर्व तहसीलदार ज्ञानचन्द, अध्यक्षता कर रहे सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के वरिष्ठ सहायक चाँदमल सैनी व विशिष्ट अतिथि सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के तुलसीराम प्रजापत ने मां सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्जवलित करके किया। मुख्य अतिथि पूर्व तहसीलदार ज्ञानचन्द सोगाणी ने संस्था की गतिविधियों की सराहना करते हुए कहा कि योगेश विशेष विद्यालय ने अपने सेवा कार्यों से संपूर्ण राजस्थान में निवाई क्षेत्र को एक विशिष्ट पहचान दिलाई है।

क्षेत्र में ऐसे संस्थान की नितांत आवश्यकता है, जिसे इस संस्था ने पूरी निष्ठा से पूरा किया है। यह संस्थान क्षेत्र के सभी दिव्यांगजनों की समस्याओं के समाधान व सहयोग के लिए सदैव तत्पर रहता है। संस्था सचिव डॉ. सीताराम स्वामी ने संस्थान में संचालित गतिविधियों, सेवाओं व उत्कृष्ट उपलब्धियों का विस्तृत प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। शिक्षक प्रशिक्षण केंद्र के कोऑर्डिनेटर मनोज स्वामी ने आभार ज्ञापित किया एवं कार्यक्रम का संचालन राकेश स्वामी ने किया।

समारोह में दिव्यांगों ने स्वागत गीत, पिरामिड योगा, सूर्य नमस्कार व मनमोहक सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं।

बालकों ने राष्ट्रभक्ति से ओत-प्रोत कार्यक्रमों के साथ-साथ लघु नाटिकाओं के जरिए युवा पीढ़ी के सामाजिक संस्कारों में आ रही गिरावट व पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। श्रवण बाधित बालक अंकेश गुर्जर ने नृत्य प्रस्तुति से राजस्थान की महिमा का बखान किया, दृष्टिबाधित बालक उमेश ने देशभक्ति गीत के माध्यम से अमर शहीदों को नमन किया।

श्रवण बाधित बालकों व बौद्धिक अक्षम छात्राओं द्वारा सांस्कृतिक व कलात्मक प्रस्तुतियां दी। प्रात:कालीन सत्र में बूची, लंबी कूद, गोला फेंक एवं गुब्बारा फोड़ जैसी स्पर्धाओं में बच्चों ने उत्साह से भाग लिया। इस अवसर पर देवनारायण छात्रावास के अधीक्षक विकास, अध्यापक रामबाबू गौतम, सरिता शर्मा, अरविंद कुमार, हेमंत कुमार, श्योपाल गुर्जर, हिमांशु पाराशर, मुकेश गुर्जर, सियाराम प्रजापत, राजेश गुर्जर व विपिन बिन्द सहित कई अभिभावक मौजूद थे।

अस्पताल में इलाज के दौरान महिला की मौत

भरतपुर (निसं)। भरतपुर के कोतवाली थाना क्षेत्र स्थित एक निजी अस्पताल में इलाज के दौरान महिला की मौत के बाद परिजनों ने जमकर हंगामा किया। परिजनों ने अस्पताल स्टाफ पर इलाज में लापरवाही का आरोप लगाते हुए अस्पताल परिसर में तोडफोड कर दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मौके पर पहुंचकर स्थिति संभाली और परिजनों से समझाइश की। मृतका की पहचान रेनू पत्नी सोमवीर, निवासी बरौली चौथ, जिला डीग के रूप में हुई है। जानकारी के मुताबिक रेनू को पेट दर्द की शिकायत के चलते 6 अक्टूबर की रात करीब 11 बजे निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया था। परिजनों के अनुसार, अस्पताल में इलाज चल रहा था। इसके बाद 7 अक्टूबर की सुबह करीब 6 बजे इलाज के दौरान रेनू की मौत हो गई। सीओ सिटी आशिमा वासवानी ने बताया कि महिला की मौत की सूचना मिलते ही परिजनों में आक्रोश फैल गया। परिजनों ने अस्पताल स्टाफ पर इलाज में लापरवाही का आरोप लगाते हुए अस्पताल परिसर में हंगामा शुरू कर दिया। इस दौरान अस्पताल में तोडफोड भी की गई, जिससे मौके पर अफरा-तफरी का माहौल बन गया। घटना की सूचना मिलते ही कोतवाली थाना पुलिस मौके पर पहुंची और पुलिस लाइन से भी अतिरिक्त जाप्ता बुलाया गया और स्थिति को संभाला। पुलिस ने आक्रोशित परिजनों से समझाइश की। समझाइश के बाद परिजन शव को बिना पोस्टमार्टम कराये अपने गावं ले गये। थाना कोतवाल के प्रभारी तेजपाल ने बताया कि निजी अस्पताल में रेनू नाम की महिला की मौत की सूचना मिली थी।

सेवा ज्योति कलश यात्रा निकालकर जनसेवा का संदेश दिया



राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय पावटा में सेवा ज्योति कलश यात्रा का आयोजन किया।

पावटा। विकसित भारत-जन सेवा अभियान के अंतर्गत बुधवार, 7 अक्टूबर 2026 को राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय पावटा में सेवा ज्योति कलश यात्रा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के तहत विद्यार्थियों ने पोस्टर, बैनर एवं आकर्षक स्लोगन तैयार कर जनसेवा एवं जागरूकता का संदेश दिया। संस्था प्राचार्य संतोष कुमार मीणा ने हरी झंडी दिखाकर रैली को रवाना किया।

रैली विद्यालय परिसर से रवाना होकर बाजार के प्रमुख मार्गों से होते हुए घंटाघर पहुंची। इस दौरान विद्यार्थियों ने विभिन्न स्लोगनों के माध्यम से आमजन को सेवा, जागरूकता एवं विकसित भारत के संकल्प का संदेश दिया। रैली में विद्यालय की शिक्षिका लक्ष्मी चंद्रोह सहित स्टाफ सदस्य सुरेंद्र स्वामी, सुनीता आर्य, हेमलता शर्मा, मनु मीणा एवं कंचन मीणा सहित अन्य शिक्षक-शिक्षिकाएं एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे।

विद्यालय प्रशासन ने बताया कि ऐसे आयोजनों का उद्देश्य विद्यार्थियों में सामाजिक जिम्मेदारी, जनसेवा की भावना एवं जागरूकता को बढ़ावा देना है।

सार-समाचार

पंचायत चुनाव में नहीं चलेगी मनमानी, प्रशासन सख्त

फुलेरा। पंचायत राज संस्थाओं के आम चुनाव 2026 को लेकर प्रशासन ने सख्त रुख अपनाते हुए चुनावी तैयारियों एवं व्यवस्थाओं की समीक्षा की। बुधवार को पंचायत समिति सांभरलेक के सभागार में आयोजित समीक्षा बैठक में चुनावी प्रचार सामठी की छपाई एवं प्रकाशन, आदर्श आचार संहिता तथा कानून-व्यवस्था को लेकर आवश्यक दिशा, निर्देश दिए गए।बैठक में उपखंड अधिकारी एवं रिटर्निंग अधिकारी ऋषिराज कपिल, सांभर थाना अधिकारी राजेश कुमार सहित विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि, प्रेस एवं मीडिया प्रतिनिधि, केबल ऑपरेटर एवं मुद्रक मौजूद रहे।उपखंड अधिकारी ऋषिराज कपिल ने कहा कि चुनाव प्रक्रिया को शांतिपूर्ण, निष्पक्ष एवं पारदर्शी तरीके से संपन्न कराना प्रशासन की प्राथमिकता है। सभी राजनीतिक दलों एवं संबंधित लोगों को निर्वाचन आयोग के निर्देशों और आदर्श आचार संहिता की पूर्ण पालना करनी होगी। चुनावी प्रचार सामठी के मुद्रण एवं प्रकाशन में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने कहा कि निर्वाचन पुस्तिका, पंपलेट एवं पोस्टर सहित किसी भी प्रचार सामठी पर मुद्रक एवं प्रकाशक का नाम-पता अंकित करना अनिवार्य होगा। मुद्रण से पूर्व निर्धारित प्रक्रिया के तहत घोषणा-पत्र लेना तथा मुद्रण के बाद आवश्यक प्रतियां संबंधित कार्यालय को उपलब्ध करवाना भी अनिवार्य रहेगा।बैठक में सांभर थाना अधिकारी राजेश कुमार ने चुनाव के दौरान कानून, व्यवस्था बनाए रखने तथा शांतिपूर्ण मतदान को लेकर पुलिस प्रशासन की तैयारियों की जानकारी दी। अधिकारियों ने राजनीतिक दलों एवं अन्य संबंधित लोगों से निर्वाचन नियमों की पालना करते हुए प्रशासन का सहयोग करने की अपील की।

249 बंदियों को बताया चार्जशीट लेट पर मिल सकती है डिफॉल्ट जमानत

किशनगढ़बास। बुधवार को उपकारागृह किशनगढ़बास में विशेष विधिक जागरूकता शिविर आयोजित किया गया। राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जयपुर एवं जिला एवं सत्र न्यायाधीश शैलेंद्र व्यास के आदेश तथा डीएलएसए सचिव अजीत कुडी के निर्देशन में पीएलवी सूरजभान कछवाहा ने शिविर लगाया। शिविर में पीएलवी सूरजभान ने बैरक, रसोईघर, बिजली-पानी सहित व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इसके बाद 249 विचाराधीन बंदियों को उनके अधिकार बताए नि:शुल्क विधिक सहायता, परिवार व वकील से संपर्क, स्वास्थ्य सुविधा और अपनी बात कोर्ट में रखने का हक आदि के बारे में कानूनी जानकारी दी। सबसे अहम जानकारी आपराधिक प्रक्रिया को लेकर दी गई। बंदियों को बताया गया कि पुलिस को तय समय में चार्जशीट पेश करनी होती है, नहीं तो आरोपी को डिफॉल्ट जमानत का अधिकार मिल जाता है। साथ ही गिरफ्तारी के 24 घंटे के भीतर मजिस्ट्रेट के सामने पेश करने का नियम भी समझाया गया। बंदियों को कर्तव्यों का भी बोध कराया गयाजेल नियमों का पालन, स्टाफ से उचित व्यवहार और नशे से दूरी। शिविर में तीन बंदियों के लिए नि:शुल्क अधिवक्ता हेतु आवेदन भरवाए गए। इस दौरान कारापाल रविंद्र उपाध्याय सहित जेल स्टाफ मौजूद रहा।

जनता के बीच पहुंचे सभापति मयंक गोयल

टोंक। नगर परिषद टोंक के वार्ड नंबर 27 के जे.के. नगर में आयोजित जनसुनवाई कार्यक्रम में नगर परिषद के सभापति मयंक गोयल, उपसभापति फरजाना सईद ने वार्ड में पहुंचकर आमजन से सीधे संवाद किया और लोगों द्वारा प्रस्तुत की गई विभिन्न समस्याओं को गंभीरता से लेते हुए उनके समाधान के लिए आवश्यक कार्रवाई का भरोसा दिलाया। इस कार्यक्रम का आयोजन अध्यक्ष, रेल लाओ संघर्ष समिति पार्षद अकबर खान द्वारा आयोजित किया गया, जिसमें अकबर खान ने सभापति मयंक गोयल, उपसभापति फरजाना सईद के समक्ष वार्ड की प्रमुख समस्याओं को मजबूती से रखा और कहा कि वार्ड 27 के बीचो बीच स्थित बडी नहर का सभापति को मौका मुआयना कराया और नहर के सौंदर्यीकरण एंव क्षतिग्रस्त रास्तों को पक्का करने, बिजली की समस्या एवं साफ़ सफाई की समस्या का से जल्द समाधान के लिए सभापति को अवगत कराया। इस कार्यक्रम पार्षद शाहिद सईद, पार्षद इस्लाम नागौरी, जावेद खान, रशीद खान, शाहरूक, जुनेद, दानिश खान, हाजी जी, कयामउद्दीन रंगरेज, आदि मौजूद रहें।

चौमूं में भाजपा कार्यकर्ता सम्मेलन आज

चौमूं/कालाडेरा। पंचायत चुनावों की तैयारियों को गति देने और चुनावी रणनीति तय करने के उद्देश्य से भारतीय जनता पार्टी पंचायत समिति चौमूं द्वारा 08 अक्टूबर 2026 को कार्यकर्ता सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है। यह कार्यक्रम रेनवाल रोड स्थित रजवाड़ा रिसॉर्ट में सायं 4:00 बजे आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम में चौमूं क्षेत्र के पार्टी पदाधिकारी, जन-प्रतिनिधि शामिल होंगे। सम्मेलन के दौरान पंचायत चुनाव में पार्टी की जीत सुनिश्चित करने, बूथ स्तर के प्रबंधन को मजबूत करने और राज्य सरकार व संगठन की जनकल्याणकारी योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने की रूपरेखा पर विस्तृत चर्चा की जाएगी। भाजपा चौमूं ने क्षेत्र के सभी पदाधिकारियों, मोर्चा-प्रकोष्ठों के सदस्यों एवं कार्यकर्ताओं से अधिक से अधिक संख्या में समय पर पहुंच सम्मेलन को सफल बनाने का आव्हान किया है।

निवाई में भूगोल प्रायोगिक परीक्षा आज से

निवाई। राजकीय कन्या महाविद्यालय में महर्षि दयानंद सरस्वती विश्वविद्यालय अजमेर के तहत बीए पार्ट प्रथम, द्वितीय व तृतीय की सेमेस्टर द्वितीय, चतुर्थ व षष्ठम की भूगोल विषय की प्रायोगिक परीक्षा 8 से 10 अक्टूबर 2026 तक आयोजित होगी। प्राचार्य प्रोफेसर विकास नौटियाल ने बताया कि सभी संबंधित विद्यार्थी अपने प्रायोगिक कार्य की फाइल, आवश्यक ड्राइंग उपकरण व पहचान पत्र साथ लेकर निर्धारित तिथियों में सुबह 10 बजे महाविद्यालय में अनिवार्य रूप से उपस्थित होना सुनिश्चित करें।

हादसे में दो बाइक सवार गंभीर घायल

कोटपूतली। दिल्ली-जयपुर नेशनल हाईवे पर पनियाला मोड के पास एक दर्दनाक सड़क हादसा सामने आया है। यहां एक अज्ञात तेज रफ्तार वाहन ने बाइक सवार दो युवकों को अपनी चपेट में ले लिया। हादसे में दोनों बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गए, जिन्हें नाजुक हालत में प्राथमिक उपचार के बाद जयपुर रैफर किया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार हादसे का शिकार हुए युवकों की पहचान टिंकू (26) पुत्र सुरेन्द्र यादव व प्रवीण (30) पुत्र बलवंत दोनों निवासी नांगल खोडिया बहरोड के रूप में हुई हैं। बताया जा रहा है कि टिंकू व प्रवीण अपनी मोटरसाईकिल से जा रहे थे, तभी पनियाला मोड के पास किसी अज्ञात वाहन ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि दोनों बाईक सहित सड़क पर दूर जा गिरे और गंभीर रूप से चोटिल हो गए। हादसे के बाद चालक वाहन सहित मौके से फरार होने में कामयाब रहा। घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय लोगों की मदद से दोनों घायलों को तुरंत यहां के राजकीय बीडीएम जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। डॉक्टरों ने दोनों की गंभीर स्थिति को देखते हुए उन्हें प्राथमिक उपचार दिया। दोनों की हालत नाजुक होने के कारण डॉक्टरों ने उन्हें बेहतर ईलाज के लिए उच्च संस्थान जयपुर रैफर कर दिया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है और फरार वाहन की तलाश की जा रही है।

सांभर के पंडित व्यास को श्रद्धा सुमन अर्पित

सांभरझील, (निसं)। मां शाकंभरी के प्रति गहरी अटूट आस्था और उनके असीम भक्त रहे सांभर के प्रसिद्ध पंडित जुगल किशोर व्यास की तृतीय पुण्य तिथि पर श्रद्धालुओं ने उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित कर समाज में दिए गए योगदान के लिए उन्हें याद किया। व्यास परिवार की ओर से इस मौके पर देर रात्रि तक भजन संध्या का आयोजन कर दिवंगत आत्मा की अगली गति के प्रस्थान के लिए परमात्मा से प्रार्थना की गई। इस मौके पर भजन गायक कलाकार दिनेश शर्मा, विनीत शर्मा ने प्रभु श्री राम भक्त व हनुमान जी से जुड़े अनेक भचनों की प्रस्तुतियां पेश कर मौजूद सभी को परमात्मा की अनुभूति का एहसास कराया। हारमोनियम पर संगत कर रहे अनिल जैन ने भी सुंदरकांड की चौपाइयां सुना कर श्रद्धा सुमन अर्पित किए। ढोलक पर संगत लोकेश सैनी ने बखूबी निभाई। श्रद्धा सुमन अर्पित करने वालों में व्यास परिवार के विजय व्यास, अजय कुमार व्यास, सुमित्रा व्यास, सीमा व्यास, टेंट व इवेंट के महासचिव बनवारीलाल सिंघानिया, सत्यनारायण वैष्णव, राजेश पारीक, अपर लोग अभियोजक उमाशंकर व्यास सहित अनेक लोगों ने पंडित जुगल किशोर व्यास द्वारा उनके जीवन में दिए गए महत्वपूर्ण योगदान के लिए उन्हें याद किया।